संख्या:333/2022/1170/35-4-2022/001-35-4099/314/2021

प्रेषक,

जयवीर सिंह,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
उन्नाव।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ दिनांक: 21 सितम्बर,2022

विषय: वित्तीय वर्ष 2022-23 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि त्वरित आर्थिक विकास योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में जनपद उन्नाव में शासनादेश संख्या–366/2021/2215/35-4-2021 दिनांक 05 दिसम्बर, 2021 द्वारा सड़क निर्माण से सम्बंधित 12 कार्यों की अनुमोदित लागत रू0 296.01 लाख पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. 177.98 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई थी। जिलाधिकारी, उन्नाव द्वारा पत्रांक: 606/त्व0आर्थि0 वि0यो0/2021-22, दिनांक 25 अगस्त, 2022 द्वारा उक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत 12 कार्यों में से 11 कार्यों हेतु पूर्व में अवमुक्त की गई धनराशि का पूर्ण उपभोग किया जाना इंगित किया गया है। एतद्द्वारा उपर्युक्त शासनादेश से प्रश्नगत कार्यों हेतु स्वीकृत धनराशि को समायोजित करते हुए अवशेष देय धनराशि रू. 118.03 लाख (रूपये एक करोड़ अट्ठारह लाख तीन हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(रू. लाख में)

	कार्य	अनुमोदित लागत	पूर्व में अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त धनराशि
1.	अकोहरी मवई मुख्य मार्ग लच्छीनखेड़ा में मुख्य मार्ग से रजनीश सिंह के दरवाजे तक इंटरलाकिंग मार्ग एवं नाली का निर्माण कार्य। विकास खंड-हिलौली	23.15	15.00	08.15
2.	ग्राम पंचायत मिर्रीकला के वरमीखेड़ा गांव में पुलिया से बव्वा के दरवाजे तक इंटरलाकिंग मार्ग एवं नाली का निर्माण कार्य।विकास खंड-असोहा	16.42	15.00	01.42
3.	ग्राम पंचायत बछरौली मजरा बड़ा गांव में जगरूप के दरवाजे से गुमानखेड़ा डामर रोड तक इंटरलाकिंग मार्ग एवं नाली का निर्माण कार्य। विकास खण्ड असोहा	26.12	15.00	11.12
4.	ग्राम पंचायत गौरी शंकरपुर ग्रंट के मजरा जहराखेड़ा में रामलाल लोधी के दरवाजे से हुबलाल लोधी के दरवाजे तक इंटरलाकिंग मार्ग एवं नाली का निर्माण कार्य। विकास खंड-बिछिया	32.06	15.00	17.06
5.	ग्राम पंचायत पड़रीकला मजरा पटनहनखेड़ा में राम सहाय मंगता के दरवाजे से रेखा रावत के दरवाजे तक इंटरलाकिंग मार्ग एवं नाली का निर्माण कार्य। विकास खंड – बिछिया	19.18	15.00	04.18
6.	पड़री कला में वार्ड नं05 में शम्भू माली के दरवाजे से राम बाबू के दरवाजे तक इंटरलाकिंग मार्ग एवं नाली का निर्माण कार्य । विकास खंड-बिछिया	31.82	15.00	16.82

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

	कार्य	अनुमोदित लागत	पूर्व में अवमुक्त धनराशि	अवमुक्त धनराशि
7.	ग्राम पंचायत मजरा लच्छी खेड़ा में लिंक रोड से रामू पासी के दरवाजे से कमलेश पासी के दरवाजे तक इंटरलाकिंग मार्ग एवं नाली का निर्माण कार्य। विकास खंड-हिलौली	29.70	15.00	14.70
8.	ग्राम पंचायत अकोहरी के मजरा गोड़वा में लिंक रोड से राजू पासी के दरवाजे तक इंटरलाकिंग मार्ग एवं नाली का निर्माण कार्य। विकास खंड - हिलौली	32.98	15.00	17.98
9.	ग्राम पंचायत एवं मजरा मिर्जापुर में रवि शंकर पासी के दरवाजे से जेरा सम्पमर्क मार्ग तक इंटरलाकिंग मार्ग एवं नाली का निर्माण कार्य। विकास खंड-हिलौली	32.72	15.00	17.72
10.	ग्राम पंचायत मुरैता नवीन मजरा शिवपुरा में बिहार मुख्य मार्ग से सुखराम के दरवाजे तक इंटरलाकिंग मार्ग एवं नाली का निर्माण कार्य । विकास खंड-पुरवा	19.36	15.00	04.36
11.	ग्राम पंचायत भिटौली में मेन रोड लिंक मार्ग से कल्लू लोधी के दरवाजे से शिव दत्त के दरवाजे तक इंटरलाकिंग मार्ग एवं नाली का निर्माण कार्य ।विकास खंड-पुरवा	19.52	15.00	04.52
	योग:	**283.03**	**165.00**	**118.03**

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 05 दिसम्बर, 2021 की शर्तें यथावत लागू रहेगी।

2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा जिलाधिकारी की अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जायेगी।

3- परियोजना के लिये स्वीकृत धनराशि ब्याज अर्जित करने के उद्देश्य से आहरित कर बैंक/डाकघर में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी और तदनुसार कार्यदायी संस्था को धनराशि अवमुक्त की जायेगी।

4- कार्यो को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

5- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अप्रयुक्त/अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2023 से पूर्व समर्पित किया जायेगा। स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा-जोखा 31 मार्च, 2023 तक नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

6- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2023 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

7- वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए स्वीकृत आय-व्ययक के सापेक्ष उक्त स्वीकृत धनराशि का व्यय करते समय वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या: 13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में उल्लिखित शर्तो एवं निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस संबंध में होने वाला व्यय रुपये 20,24,000 (रूपये बीस लाख चौबीस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक मे अनुदान संख्या 040 लेखाशीर्षक 5054043370303 ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था मानक मद 24 वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022 दिनांक-07 जून, 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(जयवीर सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या:333/2022/1170(1)/35-4-2022/001-35-4099/314/2021, तददिनांक
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, प्रयागराज।
3- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, लोक निर्माण/ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग।
4- अपर मुख्य सचिव, वित्त एवं वित्त आयुक्त।
5- अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/विशेष सचिव, मा0 मुख्यमंत्री जी, उ0प्र0।
6- निजी सचिव, मा. मुख्यमंत्री जी।
7- मण्डलायुक्त, लखनऊ मण्डल।
8- निदेशक एवं मुख्य अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, लखनऊ।
9- मुख्य विकास अधिकारी, उन्नाव।
10- मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उन्नाव।
11- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-5
12- जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, उन्नाव।
13- अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उन्नाव ।
14- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(जयवीर सिंह)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है। अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।